**श्रेष्ठ सुप्रभात**

अनुशासन की दृष्टि से भी कभी-कभी कड़ी बात कही जा सकती है। किन्तु कठोर बात भी शांतमन से कहनी चाहिए।

-आचार्य महाश्रमण

# NEXT
NEWS EXCELLENT TODAY

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| श्री डूंगरगढ़ | 21.0 | 3.0 |
| बीकानेर | 21.0 | 3.0 |
| जयपुर | 22.0 | 4.0 |

E- Paper NEXT 0002

newsexcellenttoday.com | 13 दिसंबर 2024, शुक्रवार | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी- 2081


# बीकानेर जिले के 324 नवचयनित कार्मिकों को मिले नियुक्ति पत्र

## स्कूटी- साइकिल- टूल किट- टैबलेट का होगा वितरण

NEXT। "मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव" के तहत रोजगार और शिक्षा को बढ़ावा देने के मद्देनजर जोधपुर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राज्य भर के 15,000 युवाओं को राजकीय सेवाओं में नियुक्ति पत्र सौंपे। वही बीकानेर जिले में 324 नवचयनित सरकारी कर्मचारियों को रविन्द्र रंगमंच में हुए सीधे प्रसारण कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र सौंपे गए।



इस दौरान श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, बीकानेर (पूर्व) विधायक सिद्धि कुमारी और बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। जिला शिक्षा अधिकारी गजानंद व्यास ने बताया कि कुल 12,081 छात्राओं को साइकिल, 1,069 विद्यार्थियों को टूल किट, 1,068 विद्यार्थियों को टैबलेट और 306 बालिकाओं को स्कूटी प्रदान की जाएगी।

# आज मोमासर में होगा भव्य लोकार्पण कार्यक्रम

## विधायक सारस्वत और प्रमुख उद्योगपति के. एल. जैन करेंगे शिरकत

NEXT। श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के सबसे बड़े और विकास की राह पर अग्रसर गांव मोमासर में आज शुक्रवार को ग्राम पंचायत भवन और बस स्टैंड विश्राम गृह का लोकार्पण किया जाएगा। उपसरपंच जुगराज संचेती ने बताया कि श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचन्द सारस्वत, प्रमुख उद्योगपति कन्हैयालाल जैन (पटावरी) और आनंद डागा के द्वारा लोकार्पण किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता विद्याधर शर्मा ने बताया कि इस दौरान सरपँच सरिता देवी संचेती की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें क्षेत्र के सैंकड़ों गणमान्य नागरिक और मोमासरवासी उपस्थित रहेंगे। संचेती ने बताया कि ग्राम पंचायत भवन का निर्माण उद्योगपति के. एल. जैन द्वारा और बस स्टैंड पर विश्राम गृह का निर्माण जड़ाव देवी मोहनलाल डागा परिवार की ओर से आनंद डागा द्वारा करवाया गया है।

# आओ जाने भरण-पोषण के कानून को

NEXT। आज आपको पत्नी, संतान और माता-पिता के भरण-पोषण के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 144 में बताने जा रहे हैं। इस धारा के अंतर्गत पत्नी, जायज-नाजायज संतान (जो अवयस्क हो), या संतान 18वर्ष से ऊपर की है परन्तु वह शारीरिक और मानसिक क्षति के कारण स्वयं का भरण पोषण करने में असमर्थ है या माता-पिता अपना स्वयं का भरण-पोषण करने में असमर्थ है तो भरण-पोषण प्राप्त करने के अधिकारी हैं।

**भरण-पोषण के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 144**

पीड़ित पक्ष पत्नी/पुत्र/माता-पिता क्रमशः अपने पति/पिता/पुत्र के विरुद्ध भरण पोषण के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दे सकते है। तलाकशुदा पत्नी अगर दूसरी शादी नहीं करें तब तक भरण-पोषण प्राप्त कर सकती है। इन सभी में एक बात कॉमन है कि भरण-पोषण प्राप्त करने का अधिकारी वही है जो स्वयं अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ है।

धर्मान्तरण, पर पुरुष सम्बंध, बिना किसी उचित कारण के अलग रहने वाली पत्नी भरण-पोषण प्राप्त नहीं कर सकती।

कार्यवाही विचाराधीन रहने के दौरान भी मजिस्ट्रेट द्वारा अंतरिम रूप से भरण-पोषण पारित किया जा सकता है ताकि पीड़ित पक्ष को तुरंत राहत मिल सके।

अगर पत्नी सहमति से पति से अलग रह रही है तो वह भरण-पोषण प्राप्त करने की अधिकारिणी नहीं है।

मजिस्ट्रेट परिस्थितियों के अनुसार भरण-पोषण की राशि को बदलने का अधिकार रखता है। न्यायालय के आदेश देने के बावजूद अगर अप्रार्थी भरण-पोषण नहीं देता है तो न्यायालय उसे जेल भेज देगा।



एडवोकेट दीपिका करनाणी श्रीडूंगरगढ़ कस्बे की एक सक्रिय अधिवक्ता है जिसने समय-समय पर जनहित के मुद्दों को न्यायालय के समक्ष उठाया। आज पत्नी, संतान और माता-पिता के भरण-पोषण से सम्बंधित कानून के बारे में एड. दीपिका से यहाँ हमने जाना है।

# सापेक्ष अर्थशास्त्र : न्यायपूर्ण वितरण का सिद्धांत

NEXT। जैनाचार्य आचार्य महाप्रज्ञ के सापेक्ष अर्थशास्त्र का आधार नैतिकता, अहिंसा और सम्यक दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्र केवल धन के उत्पादन, संग्रह और उपभोग का विज्ञान नहीं है, बल्कि इसे नैतिकता और मानवीय मूल्यों के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। उनके अनुसार, यदि अर्थव्यवस्था का उद्देश्य केवल भौतिक लाभ तक सीमित होगा, तो यह असमानता, हिंसा, और पर्यावरणीय असंतुलन को बढ़ावा देगा।

आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ती असमानता, गरीबी, और पर्यावरणीय संकट को देखते हुए आचार्य महाप्रज्ञ का सापेक्ष अर्थशास्त्र अत्यंत प्रासंगिक है।

वर्तमान समय में, धन का बड़ा हिस्सा कुछ व्यक्तियों और संस्थानों के पास सीमित है, जबकि एक बड़ा वर्ग बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहा है। आचार्य महाप्रज्ञ का "न्यायपूर्ण वितरण" का सिद्धांत इन असमानताओं को कम करने में सहायक हो सकता है।



**डॉ. वंदना कुण्डलिया बरड़िया**

सहायक प्रोफेसर, जेवीबीआई

डायरेक्टर: शब्द (A complete house of customized writing & designing)

सहमंत्री: अखिल भारतीय तेरापन्थ महिला मंडल

**सनसनी नहीं, सटीक खबर...**
**बढ़ा-चढ़ाकर नहीं, तथ्यात्मक खबर...**
**फटाफट नहीं, प्रामाणिक खबर...**

# श्रीडूंगरगढ़ महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी का हुआ आयोजन, मिस्टर व मिस फ्रेशर बने महेश और महक



NEXT। कस्बे के निजी श्रीडूंगरगढ़ महाविद्यालय में गुरुवार को सीनियर छात्रों द्वारा नए छात्रों का स्वागत करने के उद्देश्य के साथ फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीनियर एवं जूनियर छात्र-छात्राओं ने ग्रुप डांस, सोलो डांस, रैप वाक एवं विभिन्न प्रकार की मनोरंजक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इस दौरान मिस्टर फ्रेशर महेश स्वामी व मिस फ्रेशर महक को चुना गया। इसके अतिरिक्त रैंप मिस कोमल सोनी व मिस्टर श्रीडूंगरगढ़ राजेश, बेस्ट पर्सनल्टी अवार्ड तरुण व पिंकू को दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष श्याम महर्षि व उपसचिव रामचंद्र राठी ने किया। प्राचार्य डॉ.विनोद सुथार ने सभी आगुन्तकों का आभार ज्ञापित किया। व्याख्याता राजेश सेवग, सुनील आचार्य व निशा स्वामी ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर उनके कार्यक्रम की सराहना की। इस दौरान नारायण सारस्वत, राजेश खान, पवन सिंह, महावीर धामा, सुशील सुथार, मुकेश जांगिड़ व मुकेश सैनी मौजूद रहें।

# निजी पोर्टल की अविवेकपूर्ण खबरों को लेकर बार संघ बैठक में किया कड़ा विरोध

NEXT। बार एसोसिएशन श्रीडूंगरगढ़ की आम बैठक आयोजित की गई। बैठक में बार संघ द्वारा स्पष्ट किया गया कि हाल ही में एक न्यूज पोर्टल पर बार संघ के नाम से गलत और भ्रामक खबर प्रसारित की गई है। बार संघ के नवमनोनित मीडिया प्रवक्ता एडवोकेट पुखराज तेजी ने बताया कि निजी पोर्टल द्वारा द्वेषतापूर्ण आशय से लिखी गई खबर का बार संघ खंडन करता है।

तेजी ने कहा कि न्यूज़ पोर्टल द्वारा दावा किया गया था कि बार में बैठक के दौरान हंगामा हो सकता है। जबकि हकीकत यह है कि बार संघ का माहौल पूर्णतः शांतिपूर्ण है।

इसलिए यह प्रमाणित होता है कि न्यूज़ पोर्टल द्वारा जानबूझकर यह खबर कोर्ट और बार संघ की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से प्रसारित की गई है। इसलिए बार संघ इसे बार को बदनाम करने की साजिश मानता है और ऐसी खबरें प्रसारित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। एड. तेजी का कहना है कि गत 7 दिसम्बर को बार संघ में सत्यनारायण प्रजापत को अध्यक्ष, ओमप्रकाश मेहरा को सचिव, धर्मेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष और पुखराज तेजी को मीडिया प्रवक्ता निर्विरोध मनोनीत किया गया था। परंतु एक निजी पोर्टल द्वारा गलत न्यूज़ को प्रसारित करके बार संघ को बदनाम किया जा रहा है।

इस दौरान बैठक में बार संघ कई पूर्व अध्यक्ष मौजूद रहे जिनमें लेखराम चौधरी, ओमप्रकाश पंवार, साजिद खान, मोहनलाल सोनी, मांगीलाल नैण, कैलाश चंद सारस्वत, बाबूलाल झेड्डू, गोपीराम जानू सहित वरिष्ठ एडवोकेट में जगदीश बाना, ललित मारू, जेपी मीणा, अशोक सारस्वत, नारायण प्रशाद जोशी, मदन स्वामी, बृजभूषण पारीक, अशोक सारस्वत और राहुल व्यास मौजूद रहे।

# श्रीडूंगरगढ़ में आज से 9दिन बहेगी राम नाम निर्झरणी, कथावाचक भरतशरण महाराज करेंगे रामकथा का वाचन

NEXT। श्रीडूंगरगढ़ कस्बे में अब 9दिनों तक राम रस की निर्झरणी बहेगी और कथावाचक भरतशरण महाराज के मुखारबिंद से निकली रामकथा से भक्त अभिस्नात होंगे। कस्बे की आडसर बास माहेश्वरी सत्संग समिति के द्वारा 13दिसम्बर शुक्रवार से 21दिसम्बर शनिवार 9दिनों तक रामकथा का भव्य आयोजन करवाया जा रहा है। आयोजन के संयोजक हनुमानमल कलाणी ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 9बजे राम मंदिर आडसर बास से भव्य कलश यात्रा निकलेगी जो आयोजन स्थल माहेश्वरी सेवा सदन आडसर बास तक जाएगी। इसके बाद प्रतिदिन दोपहर 1बजे से शाम 5बजे तक भरत शरण महाराज द्वारा रामकथा का वाचन किया जाएगा।

आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर

श्रीडूंगरगढ़। रामकथा के आयोजन को भव्य बनाने के लिए माहेश्वरी समाज के लोग व्यवस्थाओं की तैयारियों में जुटे हुए है। घनश्याम डागा, जगदीश राठी, संदीप राठी, श्रीगोपाल मूंधड़ा सहित अनेक कार्यकर्ता घर-घर संपर्क किये जाने के साथ व्यवस्थाओं को सँभाले हुए हैं।